कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-31.12.2024

विषय:- चोरी के मुकदमें में वांछित अभियुक्तगण 01- रेयाज व 02- वासिफ को थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की कुल 13 अदद साड़ी नकली कतान की बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में, थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-273/2024 धारा 305 बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित 02 नफ़र वांछित अभियुक्तगण 1. रेयाज पुत्र अनवर निवासी हरपालपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी व 2. वासिफ पुत्र अब्दुल कयूम निवासी हरपालपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी को आज दिनांक-31.12.2024 को समय करीब 11.45 बजे भट्ठी अण्डरपास लोहता से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी की कुल 13 अदद साड़ी नकली कतान बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 30.12.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-29.12.2024 को समय करीब 11.30 बजे दिन में वादी के घर से लगभग 16 साड़ी नकली कतान की अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-273/2024 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना म0उ0नि0 रीना गुप्ता संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त रेयाज व वासिफ ने पूछताछ करने पर बताया की यह साड़ियां हम लोग परसों रसूलपुर पंचायत भवन के पास से एक घर से चोरी किये थे, जिन्हें हम आपस में बाँटकर बेचने के लिए जा रहे थे। कुछ साड़ियां हम लोगों ने कल ही राह चलते एक व्यक्ति को बेच दिया था। उससे मिले रुपयों को हम लोगों ने खर्च कर दिया है। आज भी हम लोग इन चोरी की साड़ियो को बेचने के लिये जा रहे थे लेकिन आप लोगों के हमें पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. रेयाज पुत्र अनवर निवासी हरपालपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।
2. वासिफ पुत्र अब्दुल कयूम निवासी हरपालपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- भट्ठी अण्डरपास लोहता से, दिनांक-31.12.2024 को समय करीब 11.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी की कुल 13 अदद साड़ी नकली कतान की बरामद।

आपराधिक इतिहास-

अभियुक्त रेयाज पुत्र अनवर निवासी हरपालपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी-

1. मु0अ0सं0-0134/2018 धारा 147,323,342,506 भा0द0वि0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0-0273/2024 धारा 305,317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2.म0उ0नि0 रीना गुप्ता थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3.हे0का0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4.हे0का0 प्रवेश कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5.हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6.हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी